**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# याक पर सवार होकर चीनी सैनिक सीमा पर रैकी करते नजर आये

**चालाकी**

## सुरक्षा एजेंसियों ने केन्द्रीय गृह मंत्रालय व रक्षा मंत्रालय को भेजी रिपोर्ट

■भारत की ओर से सीमा सुरक्षा बल व आईटीबीपी के जवान भी कर रहे है पेट्रोलिंग

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। चीन सीमा पर अपनी गतिविधि लगातार बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। सुरक्षा एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक अब चीनी सैनिक याक पर सवार होकर सीमावर्ती क्षेत्रों में लगातार रैकी करते नजर आ रहे है।

बता दें कि कुछ दिनों तक चीनी सैनिक लिपुलेख सीमा पर सक्रिय होते देखे गये थे। सुरक्षा एजेसियों से मिली सूचना से पता चला है कि लोहार घाटी से लगती सीमा पर चीनी सैनिकों की गतिविधि की हलचल देखने को मिल रही है। मुंसयारी तहसील की उच्च हिमालयी जोहार घाटी की चीन सीमा से लगी सीमा पर सैनिकों को भारी तादात में खड़ा देखा जा रहा है। इस क्षेत्र में चीन में सड़क



नही है। यह क्षेत्र सामरिक रूप से खासा महत्वपूर्ण माना जाता है। यहां की खड़ी चोटियों से तिब्बत की ज्ञानिमा मंडी दिखाई देती है। जिले में चीन से एक सौ छतीस किमी लंबी सीमा लगती है। साल 1962 से पूर्व भारत तिब्बत व्यापार यही से होता था। यही से मुंसयारी के जोहार के लोग ज्ञानिमा मंडी में शामिल होने जाते थे। लोहार घाटी से लगने वाली सीमा बेहद दुर्गम है। वहां पर सर्तकर्ता बरतने के लिए सुरक्षा बलों को रखा गया है। चीन द्वारा याक की मदद लेकर घुसपैठ करने की सूचना मिलने पर सुरक्षा एजेंजियां सचेत हो गई है।

सुरक्षा एजेंसियों ने इस मामले पर केंन्द्रीय गृह मंत्रालय व रक्षा मंत्रालय को रिपोर्ट भेजे जाने की



जानकारी दी है। सुरक्षा एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक चीनी सैनिक लोहार घाटी क्षेत्र के उंटाधुंरा किंगरी बिंगरी के बीच केबिला के पास पिछले एक सप्ताह से सीमा पर खासी चहलकदमी करते देखे जा रहे है।

मौके पर भारत की ओर से सीमा सुरक्षा बल व आईटीबीपी के जवान भी पेट्रोलिंग कर रहे है। वही चालाक चीन की चालबाजी लगातार सीमा पर आये दिन बढ़ने से सुरक्षा एजेसियां अलर्ट हो चुकी है। रिटायर्ड कर्नल एमएस वलदिया ने कहा कि चीन पर विश्वास करना बेहद कठिन है। हमको सचेत होकर रहना होगा। लोहार घाटी में सुरक्षा बढ़ाने के ठोस कदम उठाने होगे। चीन की लगातार बड़ रही गतिविधियों पर सीमावर्ती क्षेत्रों में एहतियात व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने को तैयार होना पड़ेगा।

## न्यूज डायरी

### जिला अधिकारी इलाज के लिए दून हुए रवाना

**संवाददाता** पिथौरागढ़। आरटीपीसीआर व ट्रूनेट में सैपलों की जांच रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद जिलाधिकारी डा. विजय कुमार जोगदडे इलाज के लिए दून रवाना हो गये है। वे बीते गुरूवार की सांय अपनी जांच रिपोर्ट पाजिटिव आने के बाद हैलीकाप्टर से देहरादून के लिए इलाज के लिए रवाना हुए। जिलाधिकारी के सैपलों की जांच रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आने के बाद से गुरूवार से लेकर शनिवार तक क्लक्ट्रेट व ट्रेजरी बंद की गई है।

### जिला पंचायत में मनायी गई बापू व शास्त्री की जयतीं

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के जिला पंचायत कार्यालय में देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जन्म दिवस पर याद किया गया। वही जिलापंचायत अध्यक्षा दीपिका बोरा ने ध्वजा रोहण करने के साथ बापू व शास्त्री के योगदान को याद भी किया। वही इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष कोमल मेंहता व जिलापंचायत विभाग के तमाम कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### उपमा ने हाथरस की घटना पर स्वर्गीय मनीषा को दी श्रद्धांजलि

देहरादून। उत्तरांचल पंजाबी महासभा देहरादून के प्रेमनगर ईकाई के अध्यक्ष अमित भाटिया के प्रतिनिधित्व मे महिला इकाई, यूथ ईकाई और सभी समाज सेवकों को साथ लेकर हाथरस मे देश की बेटी मनीषा वाल्मीकि के साथ दुष्कर्म के बाद पीड़िता की उपचार के बाद मृत्यु हो गई और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह जानकारी गढवाल प्रभारी जी एस आनंद ने दी।

### एमजी मोटर इंडिया ने दून में 20.88 लाख रुपये में जेडएस ईवी लॉन्च किया

**संवाददाता** देहरादून। एमजी मोटर इंडिया ने पूरे भारत में पहले से मौजूद अपने 11 ऑपरेशनल बेस के अलावा, नागपुर, लखनऊ, आगरा, देहरादून, लुधियाना, कोलकाता, औरंगाबाद, इंदौर, कोयम्बटूर और वाइजैग सहित 10 नए शहरों में प्योर इलेक्ट्रिक इंटरनेट एसयूवी एमजी जेडएस का विस्तार करना शुरू कर दिया है। फरवरी 2020 में जेडएस ईवी की डिलिवरी शुरू करने के बाद से, कार निर्माता ने हाल ही में देश में जेडएस ईवी की 1,000 हजार यूनिट बेचने के बाद यह कदम उठाया है। कंपनी आज से इन शहरों में डीलरशिप पर और एमजी मोटर इंडिया की वेबसाइट पर, 50,000 रुपये की बुकिंग पर, प्री–बुकिंग शुरू करेगी।

## उत्तराखंड राज्य आंदोलन में हुए शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की

**संवाददाता**

देहरादून। दून कचहरी परिसर स्थित राज्य आंदोलनकारी शहीद स्मारक पर पहुंचकर विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने शहीदों के चित्र पर पुष्प चक्र अर्पित कर उत्तराखंड राज्य आंदोलन मे हुए शहीदों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा है कि दो अक्टूबर के दिन रामपुर तिराहे पर जो बर्बरता पूर्वक अत्याचार उत्तराखंड की मातृशक्ति पर हुआ है वह भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा है कि मैं स्वयं राज्य आंदोलनकारी रहा हूं और उस घटना मे जिस प्रकार से निर्दोष और शांतिपूर्वक आंदोलन कर रहे लोगों पर बर्बरता हुई है वह अत्यंत

**उत्तराखंड राज्य के लिए अनेक लोगों ने अपनी शहादत दीः विस अध्यक्ष**

दुखदाई घटना थी।

अग्रवाल ने कहा है कि उत्तराखंड राज्य के लिए अनेक लोगों ने अपनी शहादत दी और अनेक लोगों ने संघर्ष किया। आज आवश्यकता इस बात की है उत्तराखंड राज्य को हर दृष्टि से सशक्त व समृद्ध बनाना होगा ताकि जो सपने आंदोलनकारियों ने देखे थे उसे हम पूरा कर सकें।

अग्रवाल ने कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि हम अपनी पूर्ण निष्ठा व समर्पण भाव से इस राज्य को प्रगति के पथ पर और आगे बढ़ाएं।



### पीएनबी ने शुरू किया ग्राम संपर्क अभियान,हुडोली में लगाया कैम्प

**संवाददाता** पुरोला। ग्रामीण क्षेत्रों के बेरोजगार युवक–युवतियों को स्वरोजगार से जोड़ने को पंजाब नेशनल बैंक ग्राम संपर्क अभियान के तहत शुक्रवार को गांधी जयंती के अवसर पर चंदेली न्याय पंचायत के हुडोली कस्बे में स्वरोजगार ऋण जानकारी कैंप लगाकर अभियान की शुरुआत की गई। अभियान के तहत पंजाब नेशनल बैंक की पुरोला शाखा ने हुडोली में कैम्प में जंहा ग्रामीणों को मतस्य पालन,मशरूम,डेरी फार्म,दुग्ध उत्पादन आदि सरकार की युवाओं को स्वरोजगार देने को लेकर शुरू की गई योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी वही कस्बे के पाणीगांव,हुडोली,सौंदाडी,कंताडी व ठडूंग नेलाडी आदि गांव के दस आवेदकों के मशरूम उत्पादन,डेरी फार्म के लोन स्वीकृत किये।

## आंदोलनकारियों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगाः रविन्द्र सिंह आनन्द

**संवाददाता**

देहरादून। शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं कैंट प्रभारी रविन्द्र सिंह आनन्द के नेतृत्व में कैंट विधानसभा की टीम ने गांधी पार्क पहुंच महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। तत्पश्चात कचहरी स्थित शहीद स्मारक जाकर उत्तराखंड के आंदोलन में शहीद हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस मौके पर आनंद ने कहा कि महात्मा गांधी ने हमें लोकतांत्रिक देश की परिभाषा समझाई महात्मा गांधी ने अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए ना सिर्फ देश को आजादी दिलाई बल्कि

**आप ने गांधी पार्क स्थित गांधी मूर्ति पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को याद किया'**

देश में फैल रही कुरीतियों पर भी विराम लगाया। उन्होंने छुआछूत जैसी कुरीति और धारणा को खत्म किया और कहा कि दलितों का उद्धार करने वाले महात्मा गांधी सदैव अमर रहेंगे वही शहीद स्मारक पहुंच कर वे भावुक हो गए और नम आंखों से शहीदों को श्रद्धांजलि दी इस मौके पर उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और अब वह समय आ गया है जब युवा शहीदों के सम्मान में एक ऐसे उत्तराखंड का निर्माण करने जा रहे हैं जो उत्तराखंड के शहीदों एवं हमारे पूर्वजों ने सपने



सजाए थे उन्होंने शहीद स्मारक स्थल पर शपथ ली कि वे उत्तराखंड के नव निर्माण एवं पहाड़ के प्रति सदैव आंदोलनरत रहेंगे। यदि वे सत्ता में भी आए तो भी उत्तराखंड देव भूमि की आवाज को उठाएंगे एवं उत्तराखंड वासियों को उनका हक दिलाएंगे। इस मौके पर कैंट विधानसभा के सह–प्रभारी विपिन खन्ना ,मुकेश सिंह, शिवनारायण ,अमजद अली, मोहित कुमार, सुरेश ,नवीन कुमार, जितेन्दर आदि उपस्थित रहे।

### गांधी और शास्त्री की जयंती पर किसान व मजदूर बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया

**संवाददाता** देहरादून। एनएसयूआई के तत्वावधान में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहुदर शास्त्री की जयंती पर किसान व मजदूर बचाओ दिवस के रूप में मनाया गया व गांधी पार्क में छात्र सत्याग्रह स्वरूप धरना दिया गया।

इस अवसर पर कहा गया कि जिस प्रकार से देश में किसान आज किसान विधेयक कि वापसी कि मांग को लेकर पूरे देश में आंदोलनरत हैं व अब उन्हें सरकार के आश्वासन पर भरोसा नहीं रहा है। एनएसयूआई किसानों कि मांगो का समर्थन करती है और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहुदर शास्त्री के छात्र सत्याग्रह कर रही है। इस अवसर पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष मोहन भंडारी ने कहा कि पूरे देश के किसान आज सड़कों पर हैं एनएसयूआई उनके साथ खड़ी है और कृषि कानूनों की वापसी की मांग करती है। इस अवसर पर अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।